पत्रिका 17.09.2022

रविवि : प्रवेश के लिए 3 दिन शेष

144 कॉलेजों में अभी भी 7 हजार से ज्यादा सीटें खाली

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रायपुर. उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के विवि-महाविद्यालय में प्रवेश लेने की अंतिम तारीख 20 सितंबर है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने अधीनस्थ महाविद्यालयों को 20 सितंबर तक प्रवेश देने का निर्देश जारी किया है। प्रवेश प्रक्रिया के तीन दिन शेष हैं, फिर भी विवि की 7 हजार से ज्यादा सीट रिक्त हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है, इस सत्र कितनी सीटे रिक्त रह जाएगी इसकी जानकारी 21 सितंबर को होगी।

सर्टिफिकेट कोर्स की ज्यादा सीट रिक्त

रविवि के अधीनस्थ महाविद्यालयों में सर्टिफिकेट कोर्स का भी संचालन हो रहा है। इन कोर्स में आवेदन कम आए है। आवेदनों की संख्या कम आने से कई कोर्सो के लिए अधीनस्थ महाविद्यालय अतिथि शिक्षकों की भर्ती नहीं कर है। आने वाले दिनों में रविवि के अधीनस्थ महाविद्यालयों का यह निर्णय छात्रों की पढ़ाई को प्रभावित कर सकता है।

हर छात्र को प्रवेश देने का निर्देश

विवि प्रबंधन ने अधीनस्थ महाविद्यालयों को आवेदन करने वाले हर छात्र को सीट रिक्त होने पर प्रवेश देने का निर्देश जारी किया है। छात्र रविवि के अधीनस्थ महाविद्यालयों में सीट रिक्त होने के बाद भी प्रवेश ना मिलने की स्थिति रविवि प्रबंधन के अधिकारियों से मुलाकात करके अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं।

विस्तृत समाचार के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें

विवि से संबद्धता रखने वाले अधीनस्थ महाविद्यालयों को सीट रिक्त होने पर आवेदन करने वाले हर छात्र को प्रवेश देने का निर्देश दिया गया है। छात्र समस्या होने पर शिकायत करके अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं।

डॉ एस पटेल, कुलसचिव, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय